तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026



12 अमन पब्लिक में हुआ स्कूल उत्सव संगम उल्लास ..



14 भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला और रासलीला ...






## खबर संक्षेप

### सोनारदेवरी में पांच दिनी रामायण 27 से

**पलारी**। समीपवर्ती ग्राम सोनारदेवरी में पंच दिवसीय रामायण 27 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित की गई है। रामायण समारोह में भाग लेने वाले सभी मानस मंडलियों को 501 रुपये व श्रीफ़ल से सम्मानित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष गजानंद साहू, उपाध्यक्ष संतुराम साहू, सचिव हीराराम वर्मा, दाऊलाल साहू, कोशाध्यक्ष वासुदेव प्रसाद वर्मा, संचालक साधुराम, मन्नू राजकुमार साहू आदि ने रामायण कथा का रसपान कर जीवन को धन्य बनाने की अपील की है।

### एक्सीडेंट में एक महिला घायल

**महासमुंद**। स्कूटी से अपने घर जा रहे एक महिला एक वाहन की ठोकर से घायल हो गई। मामला बागबाहरा थाना अंतर्गत एनएच 53 पिथौरा चौक के पास का है। पुलिस को वार्ड नंबर 10 निवासी व व्यवहार न्यायालय में सफाई कर्मी पिंकी टोंडेकर ने बताया कि वह दोपहर में खाना खाने के लिए अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 6592 से घर जा रही थी, लगभग 12:30 बजे ए एच 353 पिथौरा चौक के पास सामने से आ रहे एक ग्रे कलर की बिना नंबर टीवीएस जुपीटर के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे दांये हाथ, कमर, चेहरे, दोनों पैरों के घुटनों में चोट लगी है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चाकू से पिता-पुत्र पर हमला

**महासमुंद**। शोभायात्रा में चाकू लेकर नाच रहे एक युवक ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे वे दोनों घायल हो गए। मामला तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम जोबा का है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तरूण साहू पिता रामनारायण साहू (19 साल) ने पुलिस को बताया कि ग्राम जोबा में राम मंदिर निर्माण के लिए शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें वह अपने पिता के साथ शामिल हुआ था। शोभायात्रा के दौरान रात्रि करीबन 7.30 बजे गांव के समारू डहरिया के घर के सामने गांव का रूपेश मन्नाडे अपने हाथ में चाकू लेकर नाचने लगा, जिसे योगेंधर यादव, वासदेव ध्रुव एवं मनीष यादव ने चाकू लेकर नाचने के लिए मना किया। तब रूपेश मन्नाडे इन लोगों के साथ विवाद करने लगा, जिसे छुड़ाने के लिए पिता रामनारायण साहू गए, आरोपी ने अपने हाथ में रखे चाकू से उसके पिता के पेट में वार कर दिया। जब प्रार्थी ने छुड़ाने का प्रयास किया तब आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया।

# इस्पात संयंत्र हादसे में प्रबंधन, सुपरवाइजर और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज

## संयंत्र में गर्म डस्ट गिरने से हुई है कार्यरत श्रमिकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इस्पात संयंत्र बकुलाही गर्म डस्ट गिरने व आग से झुलसने से वहां काम कर रहे 6 श्रमिकों की मौत व 5 गंभीर रूप से घायल हो गये मामले की जांच के बाद पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस की जांच पर मौका गवाह जुगेन्द्र भुईया, छोटु कुमार भुईया एवं अन्य के कथन एवं घटना स्थल निरीक्षण किया। ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल ने बताया श्रमिकों को बकुलाही स्टील प्लांट के प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी सुपरवाईजर, ठेकेदार व अन्य के द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना सुरक्षा उपकरण के एवं बिना सावधानी बरतते डीएससी ऐरिया में काम कराना जिस समय स्क्रेपर गिरने से बॉयलर का गर्म डस्ट के आग से जलने से राजदेव कुमार भुईया, विनय भुईया, श्रवण कुमार, जितेन्द्र भुईया, सुन्दर भुईया, बंद्री भुईया की मृत्यु हुई एवं अन्य साथी कल्पू भुईया, रामू भुईया एवं अन्य मजदूर झुलसने से घायल हुए है, जो अपराध धारा 106(1),289,3(5) का अपराध घटित करना प्रथम दृष्टया पाये जाने से स्टील प्लांट के प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी सुपरवाईजर, ठेकेदार व अन्य के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मर्ग इंटीमेशन सूचक हमराह छोटु कुमार भुईया पिता चुटर भुईया 24 वर्ष देवरी थाना डुमरिया जिला गया (बिहार) हाल रियल इस्पात कम्पनी बकुलाही के देहाती मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि यह रियल इस्पात कम्पनी बकुलाही में ठेकेदारी में मजदुरी का काम करता है।



### देहाती मर्ग सूचना कायम कर जॉच

22 जनवरी की सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक डीएससी एरिया के बायलर के पास काम करने की ड्यूटी लगी हुई थी। इसके साथ इसके साथी राजदेव कुमार भुईया, विनय भुईया, श्रवण कुमार, जितेन्द्र भुईया, सुन्दर भुईया, बद्री भुईया, कल्लू भुईया, रामू भुईया काम कर रहे थे काम करते समय स्कपर गिरने से बायलर का गर्म डस्ट व आग काम कर रहे साथी राजदेव कुमार भुईया, विनय भुईया, श्रवण कुमार, जितेन्द्र भुईया, सुन्दर मुईया, बद्री भुईया के उपर गिरने से झुलसकर उनकी मृत्यु हो गई एवं साथ में काम कर रहे कल्लू भुईया, रामू भुईया एवं अन्य मजदुर घायल हो गये हैं, कि रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम कर जॉच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। कायमी की सूचना पृथक से एसडीएम कार्यालय भाटापारा को भेजी गई।

## धर्म : प्रकाश मुनि नाम साहेब ने चादर तिलक कर सौंपा गुरु गद्दी

# उदित मुनि बनें कबीर पंथ के 16वें गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में बसंत पंचमी पर आयोजित चादर तिलक समारोह में लाखों कबीरपंथियों के उपस्थिति में पंथ प्रकाश मुनि नाम साहेब ने नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब एवं गुरु गोसाईं के रूप में प्रखर प्रताप साहेब का चादर तिलक किया। चादर तिलक समारोह के दौरान समूचे कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में साहेब बंदगी साहेब का जयघोष गूंजता रहा। इस क्षण में उदित मुनि नाम साहब की आंखें छलक पड़ी। चादर तिलक समारोह में लाखों कबीर पंथियों के साथ ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, सुनील महेश्वरी, रिंकू भाटिया आदि जनप्रतिनिधियों ने पंथ उदित मुनि नाम साहब को श्रीफल भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया ।

इस अवसर पर पंथ प्रकाश मुनि नाम साहब ने साहेब बंदगी साहेब के जयघोष के साथ आशीर्वचन कहते हुए कहा कि मुझे आज सन् 1990 की याद आ रही है। जब मेरे गुरु गृन्धमुनि नाम साहेब ने मेरा चादर तिलक कर कबीर पंथ का दायित्व सौंपा था। आज 35 वर्षो बाद वह क्षण फिर हमारे समक्ष है, जब मैं नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि का चादर तिलक कर उन्हें पंथ श्री बनाकर गुरु गद्दी प्रदान करूंगा। यह परंपरा सन् 1990 से नहीं वरन् सन् 1570 से चलें आ रही है।

### साहेब बंदगी साहेब के जयघोष के साथ दामाखेड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब






### गुलाल उत्सव के साथ संत समागम माघ मेला का शुभारंभ

उन्होंने आगे कहा कि हमारे 12 वें वंश गुरु उग्र मुनि नाम साहेब ने 1904 में दामाखेड़ा में गुरु गद्दी की स्थापना की थी। तब से प्रतिवर्ष यहां बसंत पंचमी पर्व से माघ पूर्णिमा तक संत समागम समारोह आयोजित होता है। जहां सद्‌गुरू के लाखों नेमी प्रेमी भक्त आकर संत समागम समारोह में शामिल होते हैं। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में चादर तिलक समारोह के साक्षी बननें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पूरे दामाखेड़ा में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। चादर तिलक समारोह को सफल बनाने में कबीर पंथियों सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं संध्या समय पर गुलाल उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां कबीर पंथियों ने प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं पंथ उदित मुनि नाम साहब के चरणों में गुलाल चढ़ाकर विधिवत संत समागम समारोह माघ मेला का शुभारंभ किया।

# पखवाड़े भर में सुहेला तहसील में अनियमिता के दो मामले उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



तहसील कार्यालय सुहेला में बीते 15 दिनों के भीतर रिश्वतखोरी के दो मामले सामने आने से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ओर जहां कंप्यूटर ऑपरेटर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया गया, वहीं दूसरी ओर सहायक ग्रेड-2 बाबू पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक उदासीनता उजागर हो रही है।

- तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटर के बाद अब बाबू के खिलाफ मुख्यमंत्री जनदर्शन में शिकायत दर्ज

जनदर्शन पोर्टल पर दर्ज शिकायत के अनुसार- टोकन नंबर – 2270126000002 आवेदन क्रमांक – 107, दिनांक – 6 जनवरी को प्रार्थी गीताबाई 71 वर्ष, पति धीरदास, जाति सतनामी निवासी ग्राम खपरी, तहसील सुहेला ने न्यायालय में पदस्थ बाबू अरुण मोरी पर वृद्ध महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपा है। महिला का आरोप है कि उसके आवेदन पर कार्रवाई करने के बदले उससे 2 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई और दबाव बनाकर रुपये वसूले गए।

शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम सुहेला स्थित खसरा नंबर 153, रकबा 0.080 हेक्टेयर भूमि पर अवैध निर्माण ▶▶ शेष पेज 13 पर

### जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई

महिला का कहना है कि उन्होंने लगभग 15 से 20 दिन पहले कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आज तक न तो आरोपी बाबू के खिलाफ कोई जांच शुरू हुई और न ही कोई कार्रवाई हुई। इससे उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद कमजोर होती जा रही है।

### सारे आरोप झूठे हैं

उक्त संबंध में सहायक ग्रेड दो बाबू अरुण मोरी ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप झूठे हैं।उक्त संबंध में तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि सहायक ग्रेड 2 बाब अरुण मोरी को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।

# प्रावीण्य सूची में शामिल महेश्वरी का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



**अमेरा**। कृष्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा महेश्वरी पिता मनमोहन जोशी कक्षा 12वीं कृषि संकाय से छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त की है, जिनका रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख पचास हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

# शराब पीने के बाद एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम तरेंगा में शराब पीने बैठे दो युवक में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक गंभीर हालत में रायपुर के एक निजी अस्पताल में भरती कराया गया है। ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल ने बताया 24 जनवरी को प्रातः ग्रामीण थाना को सूचना मिली कि दो लोग रात में शराब पीते हुए गंभीर हो गये हैं। सूचना पर थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा कि एक की मौत हो गई है जिसकी पहचान चंद्रशेखर यदु 35 वर्ष एवं एक परमेश्वर घिरदे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा घटना स्थल मकान को सिल किया गया है। पश्चात फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई की पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मौत नशीली शराब से हुई या ▶▶ शेष पेज 13 पर

# 5 किलो गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर थाना भटगांव को 23 जनवरी को सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल में मादक पदार्थ लेकर भटगांव की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर घेराबंदी कर उन्हें रोका गया, जिसे पूछने पर अपना नाम अरुण यादव ग्राम मलदी बताया। जांच में आरोपी अरुण यादव की मोटरसाइकिल की डिक्की गांजा मिला, जिसे जब्त किया गया। आरोपी अरुण पिता रामप्रसाद यादव 28 वर्ष साकिन माल्दी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के कब्जे से 5 किलो 700 ग्राम गांजा और बाइक जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया पर्व

# देवांगन समाज ने बसंत पंचमी पर नगर में निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



बसंत पंचमी पर देवांगन समाज पलारी द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। सुबह से देवांगन समाज के लोग अपनी प्रतिष्ठान व कामकाज बंद रखकर कार्यक्रम में शामिल हुए। सुबह से महिलाएं कलश यात्रा निकाली पश्चात युवाओं ने बाइक रैली नगर भ्रमण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने मां परमेश्वरी का विधिवत पूजन कर समस्त नगरवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की तथा देवांगन समाज की निरंतर तरक्की और उन्नति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने उपस्थित समाजजनों को परमेश्वरी महोत्सव एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद मंजू देवांगन ने की। इस अवसर पर देवांगन समाज के अध्यक्ष देवा देवांगन सचिव बंटी देवांगन, प्रेम देवांगन, कृष्णा देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सभापति नेमसिंह बाँधे, लेखुराम वर्मा , कुमार धीवर, प्रतिभा धिरहे, पार्षद डोमार सिंह वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धिरहे, पुनीत निषाद, कृष्णा देवांगन, पूर्व एल्डरमैन ताजेन्द्र कन्नौजे, शेरखान, पूर्व पार्षद संतोष देवांगन सहित समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मां परमेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किए।

### कौड़ियां में बसंत पंचमी पर हुए विविध कार्यक्रम

**पलारी**। ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौड़ियां में इस वर्ष भी सरस्वती माता के प्रतिमा पर पूजन कीर्तन कर बसंत पंचमी मनायी गई। इस दौरान विभिन्न प्रकार खेलों आयोजन किया गया, जिसमें खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़ आकर्षण का केंद्र रहा। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत और सामूहिक पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच प्रदीप वर्मा, पंचगण गीता साहू, मोंगरा वर्मा, सोनिया साहू, दिनेश्वरी वर्मा, सुनीता वर्मा, इंद्रकुमार वर्मा आदि सम्मिलित रहे।



# राज्य स्तरीय तीन दिवसीय जसगीत और झांकी प्रतियोगिता 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



विकासखंड पलारी के ग्राम ओड़ान में इस वर्ष भी राज्य स्तरीय तीन दिवसीय देवी जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन 30 जनवरी को रखा गया है। इस प्रतियोगिता में राज्य भर के जसगीत एवं झांकी की टीम पहुंच कर अपनी कला की प्रदर्श करेगी। वहीं आयोजक समिति द्वारा विभिन्न पुरस्कार भी रखा गया है। इसमें झांकी में प्रथम स्थान आने वाले टीम को 10 हजार रुपए एवं शील्ड, द्वितीय 7500 रुपया एवं शील्ड, तृतीय 5000 हजार रुपया एवं शील्ड, चतुर्थ 3 हजार रुपया एवं शील्ड, पंचम 2 हजार एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। वहीं देवी जसगीत में प्रथम पुरस्कार 6 हजार एवं शील्ड द्वितीय 4 हजार एवं शील्ड तृतीय 1500 रुपया एवं शील्ड, चतुर्थ 1 हजार एवं शील्ड पंचम 1 हजार एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल बना हुआ है। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप साहू विधायक कसडोल, टिकेश्वर ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत ओडान, मंजू हीरादास रात्रे जनपद सदस्य पलारी, लाला सिन्हा उपसरपंच, बालाजी मंदिर महात्मा, फागुराम सेन, देवव्रत वर्मा अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, शिवदयाल वर्मा, सहित समस्त पंचगण ग्राम पंचायत ओडान एवं वरिष्ठ नागरिगण उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### अटारी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम, आदर्श महाविद्यालय अटारी में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन संस्था के प्राचार्य द्वारा गोला फेंक कर किया गया। यह जानकारी महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी प्रकाश चंद चंद्रवंशी ने देते हुए बताया कि गुरुवार को एथलेटिक्स एवं टेबल टेनिस का मैच खेला गया, जिसमें टेबल टेनिस में जयदेव जाधव ने प्रथम एवं शिवम पांडे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 23 जनवरी को वॉलीबाल एवं क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें वॉलीबाल में बीकॉम संकाय ने प्रथम एवं बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद क्रिकेट का फाइनल मैच बीकॉम एवं बीसीए संकाय के बीच खेला गया, जिसमें बीसीए संकाय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बीकॉम संकाय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### गणतंत्र दिवस पर सैनिकों के सम्मान में निशुल्क भोजन व्यवस्था

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर माता कौशल्या विहार, वेंकटेश हॉस्पिटल के सामने, साहू कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 4, हमर चौपाल, शुद्ध शाकाहारी नाश्ता एवं भोजनालय संचालक योगिता संजय साहू द्वारा देश की सेवा में समर्पित भूतपूर्व सैनिकों, वर्तमान सैनिकों एवं नगर सैनिकों के सम्मान में विशेष पहल की गई है। श्रीमति साहू के अनुसार, 26 जनवरी को उनके प्रतिष्ठान में सभी भूतपूर्व सैनिक, वर्तमान सैनिक एवं नगर सैनिकों को चाय, नाश्ता एवं भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### खरोरा स्कूल में मनाया बसंत पंचमी उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में बसंत पंचमी और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती (पराक्रम दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर और विशेष अतिथि सरिता ढीढी रही। अध्यक्षता संस्था प्रमुख उमेश भारती गोस्वामी ने की। मुख्य अतिथि वीणा ने कहा कि बसंत पंचमी हमें अज्ञानता के अंधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है, वहीं नेताजी का जीवन अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। नेताजी के जीवन संघर्ष और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारों के साथ देशप्रेम का संदेश दिया। विशेष अतिथि सरिता ढीढी एवं उमेश भारती गोस्वामी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल तथा आभार प्रदर्शन मोना चंद्राकर ने किया। वरिष्ठ शिक्षिका रामेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जल यात्रा के गायत्री यज्ञ के साथ शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा गायत्री मंदिर में भव्य मंगल जल कलश यात्रा उपसरपंच सुनीता कहार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुई। द्वितीय दिवस प्रातः शांतिकुंज हरिद्वार के मुख्य प्रतिनिधियों द्वारा सगल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा की प्राण प्रतिष्ठा नौ गायत्री यज्ञ के साथ हुई। हाईस्कूल के विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में बसंत पंचमी पर्व, पूजन निराला जयंती एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। भगत गुरुजी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अविस्मरणीय संस्मरण सुनाए। शाम सहस्त्रवेदी दीप यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डा. रामशरण चंद्राकर, जयराम साहू, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, प्रताप महंती, रामलाल चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, मनोरमा साहू, सोहन साहू, भगत गुरुजी, पूनम साहू, चेतन चंद्राकर, पिंकी सेठ, देवकुमारी दीवान, चमेली साहू, पूजा, चित्ररेखा साहू, थनेश चंद्राकर, ईश्वर चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# कंसल्टेंट एजेंसी पर जुर्माना का खामियाजा भुगत रहे शराब दुकान कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब दुकान में गैर चर्चित ब्रांड की शराब की बिक्री नहीं कर पाने पर आबकारी मुख्यालय ने वीआईएस कंसल्टेंसी एजेंसी के खिलाफ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी जुर्माना राशि शराब दुकान में काम करने वाले सुपरवाइजर से लेकर सेल्समैन की सैलेरी से काटकर नुकसान की भरपाई कर रही। शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों से बात करने पर बताया कि कंपनी ने उन्हें नुकसान की भरपाई करने नवंबर से लेकर दिसंबर तक सैलेरी में कटौती करने की चेतावनी दी है। साथ ही जो सैलेरी नहीं कटवाना चाहते, उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी है।

आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार संबंधित कंसल्टेंसी एजेंसी को जितनी मात्रा में शराब बिक्री करने लक्ष्य दिया गया था, उस लक्ष्य के अनुसार संबंधित एजेंसी शराब बिक्री नहीं कर पाई। इसके चलते कंपनी के खिलाफ 80 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। अलग-अलग शराब दुकान के कर्मियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्रांड भेजने की वे डिमांड करते हैं। इसके विपरीत उन्हें उन ब्रांड की शराब आपूर्ति करने के बजाय ऐसे ब्रांड जिसे लोग जानते तक नहीं, उस ब्रांड की शराब आपूर्ति करते हैं। इसके चलते दुकान में शराब की बिक्री कम हो रही है।

## जुर्माना से ज्यादा राशि सैल्सेमैन की सैलेरी से काटे




■ शराब दुकान के सुपरवाइजर से लेकर सेल्समैन का हर महीने मार्च तक कटेगा पैसा

### नुकसान की भरपाई कर्मचारियों से क्यों

*शराब दुकान के सेल्समैन तथा सुपरवाइजर के अनुसार दुकान में कोई शराब लेने आता है, मनपसंद ब्रांड नहीं मिलने पर ग्राहक लौटता है, तो इसमें उनकी क्या गलती है। एक शराब दुकान के सुपरवाइजर के अनुसार उनकी दुकान में ग्राहक जिस ब्रांड की शराब की मांग करते हैं, उनकी वे सूची तैयार करते हैं। इसके बाद वे उस सूची के अनुसार कंसल्टेंट एजेंसी को उस ब्रांड की शराब आपूर्ति करने मांग करते हैं। शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों के अनुसार उनके द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार 25 प्रतिशत ब्रांड की शराब आपूर्ति उन्हें की जाती है।*

### जुर्माना से ज्यादा रकम की हो चुकी वसूली

जिले में 77 अंग्रेजी शराब दुकान संचालित हैं। इस हिसाब के हर शराब दुकान में एक सुपरवाइजर के हिसाब से 77 सुपरवाइजर हुए। सेल्समैन की संख्या पांच से छह है। इस तरह से सेल्समैन की संख्या साढ़े चार सौ से ज्यादा हुई। बताया जा रहा है, नवंबर में शराब आपूर्ति करने वाली कंसल्टेंट कंपनी ने अपने कर्मचारियों के 40 लाख रुपए से ज्यादा के वेतन में कटौती की है। इसके साथ ही दिसंबर में 41 लाख रुपए से ज्यादा की वेतन में कटौती की है। सेल्समैन की सैलेरी 25 तथा सुपरवाइजर की सैलरी 36 हजार रुपए है।

## उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की

# साव बोले- नालंदा परिसर फेस-2 में आने वाले विद्यार्थियों को माता सरस्वती की मिलेगी कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के एनआईटी के सामने चौपाटी के स्थान पर प्रस्तावित नालंदा फेस-2 परिसर का निर्माण कार्य के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### साय सरकार सदैव जनहित में कार्य करती है, इसका उदाहरण नालंदा फेस-2

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने सभी नागरिकों को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उनकी जयंती पर सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि नालंदा फेस 2 परिसर में आने वाले सभी विद्यार्थियो को माता सरस्वती की कृपा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि साय सरकार लगातार अद्भूत विकास कार्य राज्य में कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन नागरिको को मकान मिल रहे हैं। महतारी वंदन योजना में बहनों को नियमित मासिक राशि मिल रही है। रायपुर सहित पूरे प्रदेश में तेजी से विकास हो रहे हैं। उन्होंने कहा नालंदा फेस 2 परिसर इस बात का शानदार उदाहरण है कि साय सरकार सदैव जनहित में कार्य करती है।



### एजूकेशन हब में शिक्षा का संकल्प पूरा करेंगेः राजेश मूणत

पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि एजूकेशन हब में शिक्षा का विकास करने का संकल्प पूरा करेंगे। यहां चारों ओर शिक्षण संस्थाएं है वैसे स्थान पर पूर्ववर्ती सरकार के समय खाने-पीने की दुकानें लगा दी गई थी। पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल घोषणाएं की काम कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के विगत 5 वर्ष के कार्यकाल में विकास का सिलसिला पूरी तरह थमा रहा, जो अब तेज गति से प्रारंभ हो गया है।

### बसंत पंचमी के दिन ऐतिहासिक सौगात मिली है : केदार कश्यप

इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बसंत पंचमी के शुभ पावन अवसर पर राज्य सरकार की ओर से राजधानीवासियों को ऐतिहासिक शानदार सौगात नालंदा फेस 2 परिसर के भूमिपूजन के रूप में मिली हैं। उन्होंने कहा यह कार्य उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व तथा विधायक राजेश मूणत के सतत प्रयासों से हो रहा है।

### नालंदा फेस2 हमारी व सरकार की नियत का प्रमाण हैः मीनल चौबे

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि यह सिद्ध हो गया कि स्वाद पर शिक्षा भारी पड़ी है। उस स्थान का भी विशेष महत्व होता है यहां शहर के हृदय स्थल में चारो ओर शिक्षण संस्थाएं होने से नालंदा फेस 2 परिसर का लाभ अधिकाधिक विद्यार्थियो को मिलेगा एवं उनका जीवन और कैरियर अवश्य संवरेगा।

### ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड कमांक 22 की पार्षद मीना ठाकुर, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जातिगत भेदभाव दूर करने उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




■ ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे छात्र, कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होने पर विकल्प भी

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ने देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए नए नियम जारी किए हैं। ये नियम देश के सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और डीम्ड यूनिवर्सिटी पर लागू होंगे। आयोग के मुताबिक, इन नियमों का सबसे बड़ा उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों या कर्मचारियों को जाति, वर्ग या समुदाय के आधार पर होने वाले भेदभाव से बचाना है। अपने रेग्युलेशन में यूजीसी ने साफ कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। वहां पर किसी को भी नीचा दिखाने या अलग व्यवहार करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के साथ उसकी जाति या जनजाति के कारण गलत व्यवहार किया जाता है तो उसे जातिगत भेदभाव माना जाएगा। फिर वह भेदभाव चाहे खुले तौर पर हो या छुपे तौर पर, दोनों ही स्थितियों में उसे गलत माना जाएगा। यूजीसी ने अपने रेग्युलेशन में साफ किया है कि ये नियम देश के सभी हायर एजूकेशन इंस्टिट्यूटों में लागू होंगे। इसके दायरे में टीचर, नॉन-टीचिंग स्टाफ, स्टूडेंट्स और प्रशासन से जुड़े सभी लोग शामिल किए गए हैं। अपने सर्कुलर ने यूजीसी स्पष्ट किया है कि अब सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में समान अवसर केंद्र बनाना होगा।

### शिकायतों के लिए बनेगी कमेटी

यूजीसी के नए नियमों में कहा गया है कि हर संस्थान को अनिवार्य रूप से एक इक्विटी कमेटी यानी समानता समिति बनानी होगी। इस कमेटी में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, दिव्यांग और महिलाओं का प्रतिनिधित्व रखना होगा। यह कमेटी मिलने वाली शिकायतों की जांच करके अपनी रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को सौंपेगी। इसके बाद उस पर फैसला लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही यूजीसी ने यह भी आदेश दिया है कि सभी संस्थानों को अनिवार्य रूप से 24 घंटे चलने वाला हेल्पलाइन नंबर भी जारी करना होगा। जिससे भेदभाव का कोई मामला आने पर वहां शिकायत की जा सके। जो शख्स इस हेल्पलाइन पर कंप्लेंट करेगा, उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सलौनीकला में विधिक साक्षरता शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज : भटगांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के तत्वावधान में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सलौनीकला में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश पुनीतराम गुरुपंच ने किया।

बताया गया कि 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 1966 में ली थी और इसे बेटियों के सम्मान, उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष दिन के रूप में समर्पित किया गया है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में शुरू किया था, ताकि लड़कियों के सशक्तिकरण पर जोर दिया जा सके।



### नालसा योजना की जानकारी दी

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, कुल लाभांवितों की संख्या 80, जिसमे पैरा लीगल वालंटियर नरेश कुमार विश्वकर्मा थाना भटगांव एवं कामदेव अनंत थाना सरसीवा सहयोगी के रूप में उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान की गई। आरक्षक खिलावन बघेल पुलिस थाना भटगांव शशिचंद्रा, रमेश पटेल, राजीव साहू, खगेश्वरी चंद्रा प्रधान पाठक मिडिल स्कूल सलौनीकला मोंगरा देवांगन प्र. पाठक प्राइमरी स्कूल सलौनीकला के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नेताजी की जयंती पर पूर्व सैनिकों का किया सम्मान



रायपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर माना कैंप स्थित नेताजी चौक बस स्टैंड परिसर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व सैनिकों को शॉल, श्रीफल और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर और विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर सहभागिता प्रदान की। यह कार्यक्रम स्वामी जनसेवा समिति माना कैंप, नगर पंचायत माना कैंप, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब, यंग ग्रुप माना कैंप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, संजय यादव, पार्षद, रविंद्र सिंह ठाकुर, नरेश पिल्ले, सौरव आहूजा एवं संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल थे।

# अमन पब्लिक में हुआ स्कूल उत्सव संगम उल्लास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के अमन पब्लिक इंग्लिश मिडियम स्कूल में नूतन वर्ष पर स्कूल उत्सव संगम उल्लास का भाव आयोजन किया गया। इस रंगारंग उत्सव में सभी बच्चों ने रंग बिरंगे वेशभूषा में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरत उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज, विशिष्ट अतिथि तिल्दा से बीआरसी अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जोगिंदर सलूजा, पूर्व पार्षद भारत पंसारी, अग्रसेन वार्ड के वर्तमान पार्षद शरद साहू, संस्था के संस्थापक हाजी गुलाब खान, डॉ. अमीन खान, राजा कमल, नर्मदा पटेल, अमर बर्मन, प्रेस क्लब के सदस्य रोहित वर्मा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस



अवसर पर देवेंद्र ठाकुर ने अभिभावकों को कहां की स्कूली बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाना होगा। वहीं नरेंद्र ठाकुर ने बच्चों को अच्छे कार्य करने की सलाह दी। इस आयोजन में स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति देखने सभी अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर ए खान, स्कूल की प्रिंसिपल अंजलि देवांगन, स्कूल की शिक्षक विद्या सिन्हा, आकांक्षा देवांगन, माया राजपूत, प्रगति देवांगन, शालिनी जायसवाल, जिज्ञासा वर्मा, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, यशोदा यादव, दुर्गा वर्मा, मोना निर्मलकर, टिकेश्वरी साहू, चंचल साहू, अंबालिका साहू, मीरा यादव, पुष्पा प्रमोदिनी, शबाना, नेहा, प्रमिला, डोमार अग्रवाल व नगर के नागरिक शामिल हुए ।

# परमेश्वरी जयंती में शामिल हुए शिवरतन शर्मा ने किया भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

देवांगन समाज की देवी मां परमेश्वरी जयंती ग्राम सिंगारपुर (मावली) स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में तरेंगा राज देवांगन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने देवांगन समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। शिवरतन शर्मा ने कहा देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में जाना जाता है। राज्य के विकास में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारी सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भी समाज के उत्थान हेतु बुनकरों का कर्ज माफ करने के साथ उनके उत्थान हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई गई थीं। इस अवसर पर खेमलाल देवांगन, प्रदीप देवांगन, सुरेश देवांगन, जनक देवांगन, राकेश तिवारी, प्रदीप अनंत, खुशी देवांगन, गोपाल देवांगन, भगवती देवांगन, कनक मनहरे, गोलू देवांगन, मुकेश देवांगन, शिव यादव, सुनील यादव सहित सामाजिकजन और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों के प्रस्ताव केंद्र के गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के लिए गतिशक्ति पोर्टल तैयार किया गया है। खास बात ये है कि अब राज्य सरकार के सभी अधोसंरचना विकास संबंधी कार्य केंद्र सरकार के इस पोर्टल पर दर्ज करना सभी विभागों के लिए अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ने साफ किया है कि एक फरवरी या इसके बाद कार्यों की वित्तीय स्वीकृति अथवा प्रशासकीय स्वीकृति की सहमति के लिए प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर तभी विचार किया जायेगा, जब ये कार्य गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज किये गये हों। इसके साथ तथा कार्य की नस्ती में पोर्टल से जनरेट की गई होनी चाहिए या पोर्टल पर दर्ज होने का प्रमाण पत्र उसमें शामिल होगा। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव,सचिव,विशेष सचिव को आदेश जारी कर दिया है। यह नई व्यवस्था फरवरी 2026 से शुरू होगी।

### ये है मामला

*भारत सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के लिए गतिशक्ति पोर्टल तैयार किया गया है। राज्य में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग इसके लिए नोडल विभाग के रूप में अधिकृत है। अधोसंरचना विकास के निर्माण कार्यों, परियोजनाओं को इस राष्ट्रीय स्तर के पोर्टल में दर्शाये जाने से न केवल कार्यों की एक से अधिक योजनाओं में पुनरावृत्ति होने से बचा जा सकता है।*



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भाटापारा नगर में विकास कार्यों को मिली गति : शिवरतन शर्मा

## विभिन्न वार्डों में हुए निर्माण कार्यों के भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति रही।नया गंज वार्ड में सरस्वती स्कूल के पास स्लैब एवं चैम्बर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिसकी कुल लागत 13.45 लाख रुपये हैं। वहीं गुरुनानक वार्ड अंतर्गत पंचशील नगर में 12 लाख रुपये की लागत से निर्माण होने वाले आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन वार्ड में सर्कस मैदान के समीप 8.75 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर में लगातार हो रहे विकास कार्य यह दर्शाते हैं कि नगर को एक बेहतर और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।



### बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्लैब एवं चैम्बर निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र तथा सीसी रोड जैसे कार्य आमजन की आवश्यकताओं से सीधे जुड़े हुए हैं। नगर पालिका द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है, ताकि भाटापारा को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और विकसित नगर के रूप में आगे बढ़ाया जा सके। आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाता है और आने वाले समय में इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे नगर पर दिखाई देगा।

## खबर संक्षेप

### वसंत पंचमी पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**कोमाखान।** प्रज्ञा पीठ बटोरा (कोमाखान) में वसंत पंचमी का पर्व 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साधना श्रद्धा और युग परिवर्तन के संकल्प के साथ मनाया गया। गायत्री महामंत्र के मंत्रोचार से गूंजायमान वातावरण में प्रत्येक ह्रदय में शांति चेतना और आत्मबल का संचार स्पष्ट अनुभूत हुआ। युग संगीत टोली नायक देवानंद वेदव्यास द्वारा जीवन साधना, सेवा और युग निर्माण के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सालिक राम साहू, डेरहा राम साहू, महेंद्र सिंह ठाकुर, केआर सोनी, तोरण चंद्राकर, दिलीप साहू, लेखराम साहू, पीलूराम देवांगन, रेखराम साहू, दुकालू पटेल, गोवर्धन सिन्हा, मूलचंद साहू, सेवाराम साहू, देवनारायण साहू, कपूरचंद साहू, रोहित साहू, विश्राम पटेल, सुरेश चौहान, मोहनलाल सोनवानी, रघुराम पांडे, नरसिंह निषाद, मनहरण साहू, थनवार साहू, ठाकुरराम, यशवंत साहू, मनहरण साहू, कुमार तांडे, हेमचंद अग्रवाल, देवनाथ, रोशन ध्रुव, गेंदराम पटेल, पंचराम पांडे, रतन सिदार, राहुल, धनेंद्र हीरा साहू, टिकेश्वरी साहू, नर्मदा देवांगन, आशा सोनी, निर्मला अग्रवाल, प्रेमा साहू, हेमिन, जागृति, सहित असंख्य गायत्री परिजन सम्मिलित हुए।

### कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**कोमाखान।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में मतदान के अधिकार, कर्तव्य और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी एवं जागरूक किए जाने के लिए संकल्प एवं शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने कहा कि वे मतदान हेतु जागरूक बनें और मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। इस अवसर पीयूष कुमार तांडेय (सहायक प्राध्यापक हिंदी) ने लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भाग लेने तथा धर्म, जाति, भाषा आदि किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

## पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

# कांग्रेस के शहर व ग्रामीण नवनियुक्त अध्यक्षों ने संभाला पदभार, क्षेत्र में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कांग्रेस संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार शहर के अध्यक्ष पद का दायित्व प्रवीण सेन द्वारा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ग्रामीण के अध्यक्ष पद का दायित्व दीपक साहू द्वारा विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया गया।

पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेता, पार्षदगण, मंडल अध्यक्षगण, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड, विद्याभूषण शुक्ल पूर्व अध्यक्ष जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, जनक राम वर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार, दिनेश यदु पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार, परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राकेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे। साथ ही विक्रम गिरी, तुलसीराम वर्मा, रूपेश ठाकुर, सुरेंद्र जायसवाल, गोल्डी मारईया, देवेंद्र वर्मा, गौरी भृगु, मोतीराम वर्मा, संतोष यादव, उमेश जैन, ललिता यदु, डिगेश्वरी





रविंद्र नामदेव, मनीष वर्मा, लखेश साहू, देवक राम जांगड़े, रविंद्र कनौजे, मनोज कुमार यादव, गजेंद्र साहू, कमलेश साहू, राजा तिवारी, गणेश शंकर साहू, धर्मेंद्र वर्मा, परमेश्वरी साहू, सलमान शेख, चेतेश्वर साहू, जीतू नवरत्न, सुखदेव साहू, आर्यन शुक्ला, दीनदयाल साहू, गोलू साहू, सोनू वर्मा, टिकेश्वर साहू, राजू लहरी, नीरज बांधे, सुरेश सेन, राजीव कुमार, भोजराम लहरी, हेमंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### सोनाखान में मनरेगा बचाव संग्राम के लिए मंडल प्रभारियों को मिली जवाबदारी

**गिधौरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के मार्गदर्शन से, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मनरेगा बचाव संग्राम को बेहतर करने के लिए विधायक कविता प्राण लहरे के सहमति से अलग अलग मंडल



प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की है। इसमें मंडल प्रभारी सोनाखान इतवारी साहू के साथ सह प्रभारी देवकुमार साहू, धीर सिंह नेताम, जनक विश्वकर्मा, रामसिंह ठाकुर है। गिरौदपुरी प्रभारी डॉ. गजेंद्रपाल पटेल के साथ सह प्रभारी पूरी राम जायसवाल, जवाहर पटेल, भागवत पुरेना, रामदयाल यादव है। गिधौरी प्रभारी तुलेश्वर वर्मा के साथ भवानी श्रीवास, महावीर गोंड, सुशील साहू, शिव वर्मा है। टुंडरा मंडल प्रभारी रवि बंजारे के साथ राज महत पी के धृतलहरे, सतीश साहू, दिनेश देवांगन, मदन मनहर है। बार नवापारा मंडल प्रभारी धरम रात्रे के साथ सह प्रभारी अमरध्वज यादव, पुरुषोत्तम प्रधान, संपत ठाकुर, भीखमसिंह ठाकुर है। थरगांव मंडल प्रभारी चंद्रशेखर नायक के साथ सह प्रभारी हेमलाल पटेल, मुरलीधर मिश्रा, गणपत पटेल, संतु राम बरिहा है। बया मंडल प्रभारी अनुसुइया साहू के साथ सह प्रभारी रतन डडसेना, नंदकुमार, मोहित चौधरी, धनी राम नाग शामिल हैं। मनरेगा बचाव संग्राम, जनसंपर्क, पदयात्रा को सफल बनाने के लिए उक्त लोगों को प्रभारी सह प्रभारी की जवाबदारी दी गई है तथा प्रत्येक दिन की जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को भेजने का निर्देश दिया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि यह कार्यक्रम लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन में पूरे क्षेत्र में हो रहा है और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए प्रदेश में जनसंपर्क, पदयात्रा, संगोष्ठी, रैली कर रहे हैं, जहां किसान मजदूरों का अपार सहयोग मिल रहा है।

# न्योता भोज से खपरी के बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर प्रदेश भर के स्कूलों में शुरू हुआ न्योता भोज कार्यक्रम अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत खपरी भ के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र में पूर्व उपसरपंच मुकेश झा द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान और स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिसे पाकर नन्हें-मुन्नें बच्चे प्रफुल्लित नजर आए।

न्योता भोज की इस अवधारणा ने स्कूलों में सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा दी है। आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यह हो रहा है कि बच्चों को नियमित मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त फल, मिठाई और पौष्टिक आहार मिल रहा है। साथ ही, इन आयोजनों में कलेक्टर, कमिश्नर और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की मौजूदगी से स्कूलों की मॉनिटरिंग भी बेहतर हुई है। एक तरह से यह योजना /"एक पंथ दो काज की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के स्कूलों में छाई हुई है।

पूर्व उपसरपंच मुकेश झा ने आयोजन के दौरान कहा, स्कूलों में मध्याह्न भोजन तो नियमित मिलता ही है, लेकिन न्योता भोज का उद्देश्य बच्चों को विशेष अवसर पर स्वादिष्ट और मनपसंद भोजन कराना है। अपने जन्मदिन या किसी भी खास सुख-दुख के मौके को इन बच्चों के साथ मनाना आत्मिक संतुष्टि देता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे पर भोजन पाकर जो संतुष्टि दिखती है, वह किसी भी उत्सव की खुशी को दोगुना कर देती है। अब शिक्षक और समाज के विभिन्न वर्ग अपने खास दिनों को होटलों के बजाय स्कूलों में न्योता भोज के रूप में मनाना पसंद कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सुखलाल जायसवाल, प्रधान पाठक विनोद चेलक, कसडोल संकुल समन्वयक विष्णु फेकर, तोरण लाल मंडावी, भोजराम कनौजे, प्रकाश भतपहरी, पूर्व उपसरपंच तुलाराम ढीढी, अकतराम ढीढी, अनिल बच्चन, संदीप जांगड़े, छोटू साहू और ठेकेदार डहरिया उपस्थित थे।

# खपरी में भक्त गुहा निषाद जयंती मनी



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत खपरी (भ) में निषाद समाज एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल ग्राम की महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, जो पूरे बस्ती में भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक संदीप साहू थे। अध्यक्षता निषाद समाज के अध्यक्ष कृष्ण कुमार निषाद ने की। विशिष्ट अतिथियों में रवि बंजारे जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, अनुसुइया मुकेश चंद्राकर जनपद सदस्य, डॉ. एलएस ध्रुव, सरपंच खपरी दिनेश मारकण्डेय, पूर्व सरपंच सोनू राम साहू, नारायण सिंह ध्रुव, संचालक दुखुराम निषाद, उपसरपंच दीपु कोसले सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भक्त गुहा निषाद के चित्र पर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात ग्राम मोहान की मानस मंडली द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। रात्रिकालीन कार्यक्रम में जगमग दीप जले सुवा पार्टी चरौदा द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने सराहा। इस अवसर पर डोमार निषाद, हरिशंकर निषाद, परदेशी यादव, लालाराम निषाद, दाऊलाल ध्रुव, रायसिंह ध्रुव, छेदी निषाद, नरसिंह निषाद, पुसऊ निषाद, नारायण निषाद, मनीराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचित



**पलारी।** प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचन विकास खंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जीवन लाल जोशी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन पलारी के संयोजक देवेंद्र साहू, प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ के समस्त पदाधिकारी एवं विकासखंड पलारी के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। संघ ने कहा कि यह संघ का प्रथम प्रयास है। विकासखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संघ के इस प्रयास की सराहना की। संघ ने सभी का आभार प्रकट किया।

# मां परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में देवांगन समाज द्वारा आयोजित मां परमेश्वरी महोत्सव में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर देवांगन समाज के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हमें अपने धर्म के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान समय में धर्मांतरण का गंदा खेल खेला जा रहा है, जो एक बीमारी की तरह फ़ैल रहा है। हम सब पहले हिन्दू हैं बाद में देवांगन, शर्मा, साहू हैं। हम भले ही अपने अपने आराध्य की पूजा अर्चना कर सकते हैं, परंतु हमें यह बात नहीं भूलना हैं कि हम सब हिन्दू है। उन्होंने कहा कि धर्म सुरक्षित रहेगा तो देश सुरक्षित रहेगा और देश सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे। तत्पश्चात वे नगर देवांगन समाज भवन स्थल पर अहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इससे पूर्व देवांगन समाज के द्वारा प्रातः मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना किया गया। दोपहर को सामाजिक भवन से बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो पर निकाला गया। उक्त कार्यक्रम में देवांगन समाज के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### पखवाड़े भरमें सुहेला...

को लेकर उसने न्यायालय में आवेदन दिया था। इस दौरान बाबू अरुण मोरी द्वारा बार-बार पैसों की मांग की गई। जब उसने असमर्थता जताई तो उसे धमकाया गया और 500-500 रुपये के नोट देकर कुल 2000 रुपये लिए गए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके आवेदन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और उल्टा उसे ही परेशान किया जा रहा है। उसने तहसीलदार की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद बाबू पर अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है, जो कि शासकीय सेवा नियमों का खुला उल्लंघन है। उक्त संबंध में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी ।

### शराब पीने के...

इसके पीछे कोई और कारण है। मामले की वास्तविक जांच में भाटापारा ग्रामीण पुलिस जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामला संदेहास्पद है। जांच के लिये एसपी के निर्देशन में विशेष दल गठित किया गया है।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
23 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
11:30, 12:00, 3:00, 4:00, 6:30, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### देवरी में नवधा रामायण प्रारंभ

**भाटापारा।** ग्राम देवरी में 23 जनवरी से 1 फरवरी तक श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन जारी है। श्री अखंड नवधा रामायण समिति देवरी भाटापारा की टोली संचालक गन्नू लाल रजक सहदेव रजक ने बताया कि ग्राम देवरी में नवधा रामायण प्रति वर्ष बसंत पंचमी को होती है। नवधा रामायण मंडली को एवं प्रवचनकर्ता को गांव के दानदाताओं के द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### बिरकोनी स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में विद्या, ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित पावन पर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य करण सिंह सोरी, वरिष्ठ व्याख्याता करुणा चंद्राकर एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा में पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य करण सिंह सोरी ने कहा कि ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त हो। मां सरस्वती की कृपा से सबका जीवन विद्या, विवेक और बुद्धि से सदैव समृद्ध रहे। इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों को बेर, केला, संतरा और नारियल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन सीआर अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैयालाल साहू, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, रंजीता दुबे, तारामती साहू, ऋचा पांडे, राम प्रसाद मोहंती, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, वेद राम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, चंद्राकर, महेश कमार, दुलारी, दीक्षा चंद्राकर एवं बच्चे उपस्थित थे।

## निधन

### करुणा शंकर मिश्र



**बलौदाबाजार।** शहर के वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं पूर्व प्राचार्य करुणाशंकर मिश्र का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को बलौदाबाजार स्थित रायपुर रोड मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने सरल स्वभाव, अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व एवं शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे अमित मिश्र, दिवाकर मिश्रा एवं प्रभाकर मिश्रा के पूज्य पिताजी थे। उनके निधन पर अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## आयोजन : साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ला को दी श्रद्धांजलि, सरस्वती वंदना की दी गई प्रस्तुति

# पेंशनधारी कल्याण संघ ने मनायी सुभाष जयंती और बसंत उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के साथ बसंत पंचमी पर विविध कार्यक्रम एवं अंत में ज्ञानपीठ से सम्मानित छत्तीसगढ़ के मूर्धन्य साहित्यकार पं. विनोद कुमार शुक्ला को श्रद्धांजलि दी गई। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय बहुउद्देशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा के प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा ने की। सर्वप्रथम अतिथियों के साथ सभी पेंशनर्स अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में स्थापित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर प्राचार्य डॉक्टर अर्चना वर्मा के द्वारा माल्यार्पण किया गया। अध्यक्ष पटेल ने मूर्ति स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे पेंशनरों का अनुकरणीय प्रयास बताया। डॉ. अर्चना वर्मा ने प्रतिमा स्थापित करने के लिए पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पेंशनरों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर सुभाष बाजार की सार्थकता को सिद्ध किया है। आज तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया था। पश्चात सभी पेंशनर्स एवं अतिथि पेंशनर भवन में सुभाष जयंती, बसंत पंचमी पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अतिथियों द्वारा भवन में स्थापित बजरंगबली, मां सरस्वती एवं पं. विनोद कुमार शुक्ला की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती को श्रीफल भेंट किया गया। अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया। संघ के वरिष्ठ पेंशनों द्वारा मुख्य अतिथि बलदेव भारती एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अर्चना वर्मा बुके, साल एवं लेखनी भेंट कर स्वागत सम्मान किया। बसंत पंचमी पर संघ द्वारा नगर के साहित्यकारों को भी आमंत्रित किया गया था। अजय साहू अमृतांशु, कन्हैया साहू, अमित के साथ पेंशनरों में मनीराम साहू, आसाराम अनंत, रमेश कुमार वर्मा, आरपी पटेल, कृष्ण कुमार वर्मा, बाबूलाल निषाद एवं सेवाराम वर्मा ने कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अजय साहू अमृत अंशु ने ज्ञानपीठ से पुरस्कृत स्व. विनोद कुमार शुक्ला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विनोद कुमार शुक्ला छत्तीसगढ़ के प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति हैं। अर्चना वर्मा ने बसंत ऋतु पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि बलदेव भारती ने बताया कि बसंत पंचमी पर पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी को भी याद किया जाना चाहिए। उन्होंने ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ला को छत्तीसगढ़ की महान विभूति बताया, जिन्होंने साहित्य जगत को प्रकाशित किया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त साहित्यकारों एवं पेंशनरों को भी लिखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संघ के अध्यक्ष श्री रघुनाथ प्रसाद पटेल ने किया एवं अंत में पंडित विनोद कुमार शुक्ला को सभी ने 1 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सर्वश्री कमल नारायण यदु, उमराव सिंह रात्रे, संतराम साव, दिलीप सिंह बिसेन, गणपत वर्मा, एचएल महिपाल, संतोष केसरवानी, सुश्री सुशीला वर्मा, सुमन गुप्ता, सीता केसरवानी, अशोक पतं, आरएस राव, शिवकुमार वर्मा, बाबूलाल निषाद, गणेश राम वर्मा, देवलाल बीमार, रोमनाथ वर्मा, सूरज अनंत, हरी राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं पेंशनर्स उपस्थित थे।

### प्रज्ञा पीठ में बसंत पंचमी का पर्व मना



**हिरमी-रावन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय प्रज्ञा पीठ हिरमी में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। मंच संचालन रामायण धीवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से पधारे विद्यार्थी अतुल पटेल, अदिति पाण्डेय, आस्था तिवारी एवं पुजारी श्यामसुंदर ने पूर्ण वैदिक विधि-विधान से 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कराया। यज्ञ कुण्डों में आहुतियां डालने के लिए आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। विद्यार्थियों का संबोधनः देव संस्कृति विश्वविद्यालय के युवाओं ने गुरुदेव के सप्त आंदोलनों और गायत्री परिवार की भावी कार्य योजनाओं पर विचार रखे। प्रेम लाल सिन्हा ने गुरुदेव के मिशन से जुड़ने को समय की मांग बताया। संगीत एवं विचार जगदीश साहू और सोनू फेकर ने गुरुदेव के क्रांतिकारी विचारों को श्रोताओं तक पहुंचाया। आत्म निर्माण से युग निर्माण पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं, बल्कि अंतःकरण में ज्ञान के प्रकाश के अवतरण का पर्व है। गुरुदेव का मूल मंत्र था अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। इस आयोजन का लक्ष्य भी जन-जन में इसी चेतना को जागृत करना रहा। दिनभर चले इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण अबाध रूप से चलता रहा।

### लाइफ पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व मना



**खरोरा।** रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक राघवेंद्र गोस्वामी ने किया। पूजन कार्यक्रम पूरी तरह वैदिक रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने मां शारदे को पुष्प अर्पित किए और सरस्वती वंदन' के साथ उनका आह्वान किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में केवल छात्र ही नहीं, बल्कि विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पूर्ण निष्ठा के साथ भाग लिया। पूजा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संचालक राघवेंद्र गोस्वामी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की कृपा से ही अज्ञानता का अंधकार दूर होता है। बसंत पंचमी का यह त्योहार हमें जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और निरंतर सीखने की प्रेरणा देता है। वहीं बसंत के आगमन के प्रतीक के रूप में विद्यालय को पीले फूलों से सजाया गया था और इस अवसर पर शिक्षकों ने पारंपरिक पीले वस्त्रों में नजर आए।

### सशिमं में मनायी गई बसंत पंचमी और सप्तशती संगम



**अमेरा।** सरस्वती शिशु मंदिर अमेरा में बसंत पंचमी एवं सप्तशती संगम कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता लखेश्वरी साहू अध्यक्षता, शैलेन्द्री पटेल सरपंच अमेरा, प्रीति साहू, विशिष्ट अतिथि राधा पटेल, सावित्री साहू थे। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। गायत्री प्रज्ञा मंडल अमेरा द्वारा बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया एवं हवन पूजन किया। अतिथियों द्वारा बसंत पंचमी एवं सप्तशती संगम के बारे में उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय में माताओं के लिए अनेक खेल का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने खेल में हिस्सा लिया और उन्हें विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गंगोत्री ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में टुकेश्वर यादव, प्रीति यादव, बबीता यादव, रेखा साहू, आंचल पटेल, गरिमा पटेल, वंदना सेन विद्यालय के भैया बहनों का योगदान रहा।

### पूर्व माध्यमिक स्कूल में बसंत पंचमी पर हुआ सांस्कृति कार्यक्रम



**मुंडा।** ग्राम कोहरौद के पूर्व माध्यमिक शाला में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृति प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी ईशा साहू, चंद्ररूपा साहू, ऐश्वर्या यादव, करिश्मा पटेल, योगेशवरी अनुष्का को उचित ईनाम दिया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को शील्ड व पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। इस संस्कृति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू व अध्यक्षता सुलोचना यादव जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन, जनपद सदस्य कालिंद्री सोनवानी, कोहरौद सरपंच दुकलहा राम ध्रुव, स्कूल स्टाफ से प्रधान पाठक राजमहंत चैतू राम बावे, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक देवराम वर्मा, प्राथमिक शाला के साथ स्टाफ के समस्त शिक्षक तोताराम खूटे, बसंत कुमार वर्मा, भुवनेश्वर, कौशल, मनोज कुमार वर्मा, सविता पटेल, उमेश्वरी साहू, राम, विशाल पटेल, धर्मेंद्र कुमार साहू, लोकनाथ पटेल, विनोद कुमार कंनौजे, अमर दास गायकवाड़, प्रदीप कुमार कश्यप, अवतिका सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला और रासलीला की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम परसदा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, महारास एवं गोवर्धन पूजा का भावमय वर्णन किया गया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कथावाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी, यशोदा मैया से बाल हठ, पूतना वध जैसी बाल लीलाओं का वर्णन किया। इन प्रसंगों ने श्रोताओं के हृदय में वात्सल्य और भक्ति भाव को जागृत किया। व्यास मंच कथावाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा रासलीला का प्रसंग विस्तार पूर्वक सुनाया, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। गोपियों के साथ भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य रास का वर्णन करते हुए कथा वाचक प्रेम, समर्पण और निष्काम भक्ति का संदेश दिया।

बालिकाओं द्वारा रासलीला सुंदर ढंग से किया गया। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार का नाश कर गोवर्धन पर्वत धारण करने की लीला का वर्णन हुआ। इस प्रसंग के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, कर्म और अहंकार त्याग का संदेश दिया गया। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार एवं भक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हें कलाकारों ने बिखेरी देशभक्ति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



■ गणतंत्र दिवस के पूर्व सशिमं में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर 24 जनवरी को झांकी चौक में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना एवं भारतीय संस्कृति से उन्हें जोड़ना रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय नागरिक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरे वातावरण में उल्लास और उत्साह का संचार हो गया। बच्चों की मधुर आवाज और मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य ने लोगों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और संवाद के माध्यम से देश के स्वतंत्रता संग्राम, संविधान के महत्व और राष्ट्रप्रेम का सुंदर संदेश दिया। नाटक के माध्यम से सामाजिक एकता, अनुशासन एवं नागरिक कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह सिद्ध किया कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक कार्यक्रम में बच्चों का आत्मविश्वास और समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में देशप्रेम, संस्कार और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह लगन और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की प्रतिभा को निखारने में निरंतर सहयोग करें। कार्यक्रम में मुस्कान सेन, अकांक्षा वर्मा, हेमलता यादव, प्रभा वर्मा, मोनिका साहू सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। समापन अवसर पर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन ने क्षेत्र में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया तथा गणतंत्र दिवस की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

### गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वज फहराएंगे द्वारिकाधीश यादव

**महासमुंद।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन महासमुंद में 8:30 बजे खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा झंडा फहराया जाएगा। इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों से एवं नागरिकों से उपस्थित रहने की अपील शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला ने की।

## नहरडीह में मितानिन सम्मान समारोह हुआ



**खरोरा।** ग्राम पंचायत नहरडीह में पंचायत स्टॉप द्वारा मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केजा वर्मा, खिलेश्वरी साहू, प्रतिमा साहू इन सभी मितानिनों का साल से सम्मान हुआ। साथ ही आंगनबाड़ी सहायिका का भी साल से सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम में गांव सरपंच अनिल कुमार सायतोड़े, सविता साहू उपसरपंच, गणेशू साहू पंच, परमानंद साहू पंच, दाऊ साहू पंच, कांति नायक पंच, संत यादव, पुनाराम मार्कण्डेय पंच ,चेतन, पोषण, नरेन्द्र साहू पंच, रोजगार सहायक रामस्वरूप साहू, प्रधान पाठिका सविता वर्मा, शिक्षक प्रदीप कुमार खूंटे आदि उपस्थित थे।

## बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं किशोरावस्था से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी

# संयंत्र ने बालिकाओं के लिए आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकटवर्ती ग्रामों की बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं किशोरावस्था से जुड़ी आवश्यक जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों की 60 से अधिक बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संयंत्र के चिकित्सा विभाग की डॉ. रुचिका सुखवाल ने बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, एनीमिया से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ. सुखवाल ने शिक्षा के महत्व, करियर विकल्पों एवं लक्ष्य निर्धारण पर चर्चा कर बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और बेहतर भविष्य निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के आशुतोष खरे ने किया। सीएसआर टीम से आशुतोष खरे, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, राम निहोर साहू, उमाशंकर धीवर, हेमलाल साहू, तारणी राजपूत एवं सविता वर्मा की सक्रिय सहभागिता रही।

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीमेंट वर्क्स के लॉजिस्टिक्स विभाग द्वारा ट्रक यार्ड परिसर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं संभावित दुर्घटनाओं से प्रभावी बचाव सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में फायर सेफ्टी सुरक्षा विभाग से देवेश जी ने उपस्थित ट्रक चालकों एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजरों को आग लगने के प्रमुख कारणों, आग से बचाव के उपायों, आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा प्राथमिक अग्निशमन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से अग्नि सुरक्षा उपकरणों के सही एवं सुरक्षित उपयोग की विधि भी समझाएं, जिससे उपस्थितजनों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर लॉजिस्टिक्स विभाग से पीएलए अमिया पात्र, विकास रायचौधरी, प्रकाश कुमार जेना, परमेश्वर वर्मा, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेई एवं कृष्णा साहू की उपस्थिति रही।

